ई-न्यूज

# 24 न्यूज अपडेट

WebSite.: https://24newsupdate.in


उदयपुर, मंगलवार 08 जुलाई 2025

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

वर्ष 2 अंक 94




## कल 25 करोड़ कर्मचारी हड़ताल पर, कई सेवाएं ठप रहने की आशंका, बैंक-पोस्टल यूनियन ने दिया समर्थन




24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली. देशभर में कल यानी 9 जुलाई को ट्रेड यूनियनों की देशव्यापी हड़ताल का असर दिखेगा। 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और उनके सहयोगी संगठनों ने दावा किया है कि इस हड़ताल में 25 करोड़ से ज्यादा कर्मचारी शामिल होंगे। बैंकिंग, डाक सेवाएं, परिवहन, बीमा, कोयला खनन और औद्योगिक इकाइयों समेत कई आवश्यक सेवाएं इस दौरान प्रभावित हो सकती हैं। यूनियनें केंद्र सरकार की नीतियों का विरोध कर रही हैं, जिन्हें वे मजदूर-विरोधी, किसान-विरोधी और कॉर्पोरेट-समर्थक मानती हैं। वे चार नए लेबर कोड्स, पब्लिक सेक्टर के निजीकरण और श्रमिक अधिकारों में कटौती के खिलाफ आवाज उठा रही हैं। ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस की अमरजीत कौर ने बताया कि किसान और ग्रामीण मजदूर भी इस आंदोलन का समर्थन करेंगे। हालांकि रेलवे और टूरिज्म सेक्टर को इससे अलग रखा गया है। हड़ताल के चलते सरकारी और कोऑपरेटिव बैंकों में कामकाज ठप, डाक सेवाएं बाधित और राज्य परिवहन की बसें रुकने की आशंका है। कोयला खनन और बीमा सेक्टर भी प्रभावित रहेंगे। वहीं, स्कूल-कॉलेजों को लेकर स्थिति साफ नहीं है, लेकिन परिवहन बाधित होने से छात्र-शिक्षकों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। इस हड़ताल को संयुक्त किसान मोर्चा (SKM) और कृषि मजदूर संगठनों ने भी समर्थन दिया है। ग्रामीण इलाकों में सभाएं और विरोध रैलियां होंगी। पहले भी नवंबर 2020, मार्च 2022 और फरवरी 2024 में ऐसी देशव्यापी हड़तालें हो चुकी हैं। इस बार यूनियनों ने इसे शांतिपूर्ण बताते हुए सरकार से मजदूर-किसान विरोधी नीतियों को वापस लेने की मांग की है।

## ACB ने XEN को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा, सिविल वर्क बिल पास कराने की मांग रहा था 30 हजार

24 न्यूज अपडेट

भरतपुर। राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम भरतपुर में पदस्थापित XEN अवनीश सोनी को ACB ने मंगलवार को 30 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। यह रिश्वत निगम के सिविल वर्क का बिल पास करने की एवज में मांगी गई थी। ACB एडिशनल एसपी अमित सिंह ने बताया कि परिवादी ने पहले जयपुर मुख्यालय के हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत की थी कि XEN सोनी 15 हजार रुपए की मांग कर रहा है। मुख्यालय के निर्देश पर जब ACB ने सत्यापन करवाया, तो इस दौरान XEN ने राशि बढ़ाकर 36



हजार रुपए कर दी। बाद में समझौता 30 हजार रुपए में हुआ। मंगलवार को भरतपुर के रीको इंडस्ट्रियल एरिया स्थित निगम कार्यालय में जब परिवादी ने 5 हजार के असली और 25 हजार रुपए के डमी नोट दिए, उसी समय ACB टीम ने दबिश देकर XEN को रंगे हाथ धर दबोचा। कार्रवाई के दौरान XEN मुंह छिपाकर कुर्सी पर बैठा रहा। ACB ने रिश्वत की रकम फाइल पर रखे नोटों के साथ जब्त कर ली। एडिशनल एसपी ने बताया कि 20 दिन पहले शिकायत दर्ज करवाई गई थी। सत्यापन के बाद योजना बनाकर ट्रैप किया गया। अब आरोपी से पूछताछ जारी है।

## पद्मप्रभु दिगम्बर जैन मंदिर में चातुर्मास मंगल कलश स्थापना कल



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। पहाड़ा स्थित पद्मप्रभु दिगम्बर जैन मंदिर में चातुर्मास के लिए परम् पूज्य आचार्य आदिसागर अंकलीकर की परम्परा में तृतीय पट्टाधीश तपस्वी सम्राट आचार्य सन्मति सागर गुरुदेव एवं प्रथम गणिनी आर्यिका विजयमति माताजी की शिष्या आर्यिका नमनश्री एवं आर्यिका विनय प्रभा ससंघ के सान्निध्य में चातुर्मासिक मंगल कलश की स्थापना होगी। प्रवक्ता संजय गुडलिया ने बताया कि आर्यिका संघ का चातुर्मास स्थापना बुधवार 9 जुलाई को सायं 7 बजे होगा। जिसमें चातुर्मासिक मंगल कलश भरा जाएगा। अध्यक्ष प्रकाश अदवासिया ने बताया कि मंगलवार को आर्यिका की निश्रा में मूलनायक भगवान की शांतिधारा एवं अभिषेक किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रकाश चन्द्र अदवासिया, परम संरक्षक सेठ धनराज सकावत, महामंत्री कमलेश चिबोडिय़ा सहित कई श्रावक-श्राविकाएं मौजूद रहे।

## डूंगला में शिव मंदिर में तोड़फोड़ से बवाल : आक्रोशित भीड़ ने की आगजनी, 5 घंटे तक उदयपुर रोड जाम, भारी पुलिस जाब्ता तैनात



24 न्यूज अपडेट

चित्तौड़गढ़। बड़ीसादड़ी के डूंगला थाना क्षेत्र के भानाखेड़ी मार्ग स्थित एक निर्माणाधीन शिव मंदिर में तोड़फोड़ की वारदात के बाद मंगलवार को पूरे क्षेत्र में तनाव फैल गया। घटना की सूचना मिलते ही इलाके के लोग भड़क उठे और उदयपुर रोड पर जाम लगा दिया। आक्रोशित भीड़ ने सड़क पर टायर जलाए और तीन ठेलों को आग के हवाले कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही डूंगला, बड़ी सादड़ी, राशमी, भूपालसागर और बेगूं थानों से भारी पुलिस बल मौके पर बुलाया गया। जिला कलेक्टर आलोक रंजन व DSP देशराज कुलदीप ने मौके पर पहुंचकर हालात को संभाला और करीब 5 घंटे तक समझाइश के बाद जाम खुलवाया गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, सोमवार रात अज्ञात बदमाशों ने शिव मंदिर में घुसकर पिलर गिरा दिए और शिवलिंग को खंडित कर दिया। घटना की जानकारी मंगलवार सुबह 6:30 बजे होते ही गुस्सा भड़क गया। सुबह 8 बजे सैकड़ों लोग डूंगला बस स्टैंड पर एकत्र हो गए और आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग करने लगे। करीब 9:30 बजे आक्रोशित भीड़ ने उदयपुर रोड को पूरी तरह से जाम कर दिया। मौके पर पुलिस प्रशासन ने हालात को नियंत्रित करने के लिए भारी जाब्ता तैनात किया और एहतियात के तौर पर धारा 163 लागू की गई। DSP देशराज कुलदीप ने बताया कि कुछ संदिग्धों को राउंडअप कर पूछताछ की जा रही है और जल्द ही वारदात में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। फिलहाल पुलिस ने स्थिति पर काबू पा लिया है, लेकिन एहतियातन क्षेत्र में पुलिस बल तैनात रखा गया है। प्रशासन ने शांति बनाए रखने की अपील की है।

## आयड़ तीर्थ में साध्वी जयदर्शिता के प्रवचन श्रृंखला कल से



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 8 जुलाई। तपागच्छ की उद्गम स्थली आयड़ जैन मंदिर में श्री जैन श्वेताम्बर महासभा के तत्तवावधान में कच्छवागड़ देशोद्धारक अध्यात्मयोगी आचार्य श्रीमद विजय कला पूर्ण सूरीश्वर महाराज के शिष्य गच्छाधिपति आचार्य श्रीमद विजय कल्पतरु सुरीश्वर महाराज के आज्ञावर्तिनी वात्सलयवारिधि जीतप्रज्ञा महाराज की शिष्या गुरुअंतेवासिनी, कला पूर्ण सूरी समुदाय की साध्वी जयदर्शिता श्रीजी, जिनरसा श्रीजी, जिनदर्शिता श्रीजी व जिनमुद्रा श्रीजी महाराज आदि ठाणा का बुधवार से चातुर्मासिक प्रवचन आयड़ तीर्थ में शुरु होंगे। महासभा के महामंत्री कुलदीप नाहर ने बताया कि साध्वी जयदर्शिता श्रीजी आदि ठाणा तपोगम की उद्गम स्थली आयड़ तीर्थ में चातुर्मासिक प्रवचन शुरु होंगे। जिसमें अलग-अलग धार्मिक विषयों पर आध्यात्मिक प्रवचन होंगे।रिश्वत के 25 हजार रुपए लेते एसीबी टीम ने दोनों आरोपियों को धर-दबोचा। एसीबी की ओर से दोनों आरोपियों के आवास और ठिकानों पर सर्च किया जा रहा है। एसीबी का मानना है कि इसमें ओर भी अधिक जवान पीड़ित हो सकते है, जिनसे रिश्वत की मांग चल रही हो या ली जा रही हो। इस बारे में भी जांच की जा रही है।

## बाइक सवारों ने छीना महिला के हाथ से मोबाइल



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, डूंगरपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र में मंगलवार शाम उस वक्त हड़कंप मच गया, जब बाइक सवार दो बदमाश एक बुजुर्ग महिला से मोबाइल लूटकर फरार हो गए। 65 वर्षीय निर्मला पंचाल, जो शक्तावतों का गुढ़ा निवासी हैं, शहीद स्मारक पार्क के पास गर्ल्स हॉस्टल रोड पर पैदल जा रही थीं। इसी दौरान पावर बाइक पर आए दो बदमाश उनका मोबाइल छीन ले गए। महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। एक युवक ने बदमाशों का पीछा भी किया, लेकिन वे तेज रफ्तार बाइक लेकर भाग निकले। जानकारी के अनुसार, घटना के वक्त निर्मला पंचाल अपने बेटे पारस पंचाल के घर से न्यू कॉलोनी गोकुल धाम से रोडवेज बस स्टैंड की ओर जा रही थीं। शुरुआत में महिला ने ढाई तोला सोने की चेन भी छीने जाने की आशंका जताई थी, लेकिन बाद में पुलिस पूछताछ में केवल मोबाइल लूट की पुष्टि हुई। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसमें दो बदमाश एक बाइक पर जाते हुए दिखाई दिए। इसके अलावा वारदात से ठीक पहले एक अन्य बाइक पर सवार तीन युवक भी गर्ल्स हॉस्टल के पास संदिग्ध रूप से खड़े नजर आए। फिलहाल पुलिस बदमाशों की पहचान और तलाश में जुटी है। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस ने क्षेत्रवासियों से संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल देने की अपील की है।

## उदयपुर में आवासीय और कॉमर्शियल प्लॉट की होगी नीलामी

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर विकास प्राधिकरण (UDA) उदयपुर में आवासीय और व्यवसायिक भूखंडों की योजना लेकर आया है। इसके तहत भूखंड़ों की ऑनलाइन नीलामी की जा रही है। नीलामी में प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं और राजस्व ग्रामों के 57 आवासीय भूखण्ड, 22 व्यवसायिक भूखण्ड एवं 3 शॉप को शामिल किया गया है। यूडीए कमिश्नर राहुल जैन ने बताया कि इस नीलामी में भाग लेने के लिए 14 जुलाई 2025 को दोपहर 12 बजे तक आनॅलाइन पंजीयन करा कर सकते है। 14 जुलाई की शाम 4 बजे तक धरोहर राशि (EMD) ऑनलाइन जमा कराई जा सकती हैं। कमिश्नर ने बताया कि सभी भूखंडों के लिए अमानत राशि जमा कराने के साथ भूखंडों की नीलामी बोली लगना शुरू जाती है। नीलामी में अधिकतम बोली के बोलीदाता को 15 दिवस में पूर्ण राशि जमा कराने पर 2 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। जबकि सामान्य रूप से 35 प्रतिशत जमा कराए जाने के लिए 120 दिवस एवं 50 प्रतिशत राशि का भुगतान करने के लिए 180 दिवस का समय दिया गया हैं।


## उदयपुर सर्राफा बाजार : चांदी में तेजी, सोने में हल्की गिरावट



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। स्थानीय सर्राफा बाजार में इस सप्ताह धातुओं के भाव में उतार-चढ़ाव का दौर जारी रहा। चांदी के दामों में जहां हल्की तेजी दर्ज़ की गई, वहीं सोने की कीमतों में मामूली गिरावट देखी गई। सर्राफा एसोसिएशन उदयपुर के अनुसार सोमवार को चांदी टंच का भाव 107,300 प्रति किलोग्राम पर पहुंच गया, जो पिछले दिनों के मुकाबले ऊंचा रहा। इससे पहले यह 106,800, 106,850 और 107,000 के बीच बना हुआ था। चांदी चौरसा भी इसी रफ्तार में 106,500 प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई। वहीं, सोने की बात करें तो सोना स्टैंडर्ड (999) का भाव सोमवार को 98,600 प्रति 10 ग्राम रहा। इससे पहले यह 98,300, 98,350 और 98,000 के स्तर पर रहा था। यानी सप्ताह भर में सोने के भाव में कोई बड़ा उछाल नहीं आया, बल्कि हल्की गिरावट दर्ज़ हुई। सोना जेवराती (23 कैरेट) भी इस दौरान 94,655 तक गया, जबकि इससे पहले के दिनों में यह 94,370, 94,415 और 94,080 पर रहा। इसी तरह 22 कैरेट सोना का भाव सोमवार को 90,710 रहा, जबकि इससे पहले यह 90,435, 90,480 और 90,160 के बीच रहा था। स्वर्ण व्यवसायी इंदरसिंह मेहता ने बताया कि चांदी में बीते दो दिन की तेजी ने निवेशकों और आभूषण कारोबारियों को कुछ राहत दी है, जबकि सोना अपेक्षाकृत स्थिर बना रहा। हालांकि, सोने में कुछ रुपये प्रति 10 ग्राम का उतार-चढ़ाव जरूर देखने को मिला, लेकिन बाजार विशेषज्ञ इसे सामान्य मान रहे हैं। GST समेत दरों में बदलाव का असर भी खरीदारी पर पड़ा। आगामी श्रावण मास और विवाह आयोजनों को देखते हुए बाजार में मांग बढ़ने की संभावना है, जिससे चांदी और सोने — दोनों के भाव में आने वाले दिनों में हलचल तेज हो सकती है।

## घरेलू वेज थाली जून में 8% सस्ती हुई:आलू, प्याज और टमाटर के दाम घटने का असर



24 न्यूज अपडेट

भारत में एक घरेलू वेजिटेरियन थाली की कीमत जून में (सालाना आधार पर) 8% घटकर 27.10 रुपए हो गई है। पिछले साल जून -2024 में वेज थाली की कीमत 29.40 रुपए थी। कैपिटल मार्केट कंपनी क्रिसिल ने अपने फूड प्लेट कॉस्ट के मंथली इंडिकेटर में इस बात की जानकारी दी। क्रिसिल ने अपनी राइस रोटी रेट (RRR) रिपोर्ट में बताया कि वेजिटेरियन थाली की कीमत मई की तुलना में जून में 3% बढ़ी है। मई में वेज थाली की कीमत 26.20 रुपए थी।

### नॉन-वेज थाली भी 6% सस्ती हुई

वहीं, नॉन-वेज थाली की कीमत जून में सालाना आधार पर 6% घटकर 54.80 रुपए हो गई है। पिछले साल जून-2024 में नॉन वेज थाली की कीमत 58 रुपए थी। मंथली बेसिस पर यानी मई की तुलना में जून में नॉन-वेज थाली की कीमत 4% बढ़ी है। मई में नॉन-वेज थाली की कीमत 52.60 रुपए थी।

## सेंसेक्स 270 अंक ऊपर 83,713 पर बंद:निफ्टी 61 अंक चढ़ा; बैंकिंग और रियल्टी शेयरों में तेजी, फार्मा और हेल्थकेयर में गिरावट रही



24 न्यूज अपडेट

हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन मंगलवार (8 जुलाई) को सेंसेक्स 270 अंक से ज्यादा चढ़कर 83,713 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में करीब 61 अंक की तेजी रही, ये 25,523 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 18 में तेजी रही। टाइटन का शेयर करीब 6% से ज्यादा गिरा। कोटक महिंद्रा बैंक का शेयर करीब 4% चढ़कर बंद हुआ। जोमैटो, एशियन पेंट्स और NTPC के शेयरों में तेजी रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 27 में तेजी और 23 में गिरावट रही। NSE के फार्मा, हेल्थकेयर सेक्टर्स गिरकर बंद हुए। IT, बैंकिंग और रियल्टी शेयर्स चढ़कर बंद हुए।

## संपादकीय : संवाद और संदेश

ब्राजील में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में इस समूह के महत्त्व समेत कई अहम मसलों पर चर्चा की गई, जिनमें से एक प्रमुख मुद्दा आतंकवाद का था । इस मौके पर चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग अनुपस्थित रहे। रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन भी सम्मेलन में आभासी माध्यम से ही शामिल हुए। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सम्मेलन में मौजूदगी को एक महत्त्वपूर्ण घटनाक्रम के रूप में देखा जा रहा है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने आतंकवाद के खिलाफ कड़ा संदेश दिया और कहा कि आतंक के पीड़ितों और समर्थकों को एक ही तराजू पर नहीं तौला जा सकता। आतंकियों के खिलाफ प्रतिबंध लगाने में किसी भी देश को हिचकिचाहट नहीं होनी चाहिए। ब्रिक्स जैसे अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रधानमंत्री की इस टिप्पणी को न केवल पाकिस्तान, बल्कि चीन के लिए भी एक नसीहत के रूप देखा जा रहा है। पाकिस्तान जहां आतंकवाद को खाद-पानी देता है, वहीं चीन ने हाल के वर्षों में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कई पाकिस्तानी आतंकियों को सूचीबद्ध करने के प्रयासों को अवरुद्ध किया है। इससे इन दोनों देशों की कथनी और करनी में अंतर साफ नजर आता है। पाकिस्तान दुनिया को यह दिखाने का प्रयास करता है कि वह खुद आतंकवाद से पीड़ित है, मगर दूसरी ओर वह आतंकियों को प्रशिक्षित कर उन्हें भारत के खिलाफ हथियार की तरह इस्तेमाल करता है। ब्रिक्स हाल के वर्षों में एक प्रभावशाली समूह के रूप में उभरा है। इसमें भारत, चीन व रूस समेत दुनिया की ग्यारह प्रमुख उभरती अर्थव्यवस्थाओं वाले देश शामिल हैं। ब्रिक्स 'देश एक 'बहुध्रुवीय विश्व' के लिए जोर दे रहे हैं, जहां शक्ति अधिक बंटी हुई हो। ऐसे में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग का ब्रिक्स सम्मेलन से अनुपस्थित रहना चौंकाने वाला है। जिनपिंग के सत्ता संभालने के बाद यह पहली बार है कि वे इस सम्मेलन से दूर रहे। वह भी तब, जब वे ब्रिक्स समूह को अमेरिका के नेतृत्व वाले पश्चिमी गुट के खिलाफ एक आर्थिक विकल्प के रूप में प्रस्तुत करने की कोशिश कर रहे हैं। भू-राजनीतिक मामलों के लिहाज से देखें तो यह इस बात का संकेत हो सकता है कि ब्रिक्स के हालिया विस्तार ने चीन के लिए इसके वैचारिक मूल्य को कम कर दिया है। इसका एक कारण यह भी माना जा रहा है कि चीन, अमेरिका के साथ व्यापार संघर्ष के कारण घरेलू आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहा है और जिनपिंग इन दिनों घरेलू अर्थव्यवस्था को दिशा देने में उलझे हुए हैं। बहरहाल, ब्रिक्स सम्मेलन में आतंकवाद के अलावा, मानवीय मूल्यों पर आधारित कृत्रिम मेधा, अमेरिकी शुल्क, मानवता के विकास के लिए शांतिपूर्ण व सुरक्षित वातावरण के मसले पर भी चर्चा हुई। इसमें दोराय नहीं कि ब्रिक्स देशों को अपनी साझा चुनौतियों का सामना करने के लिए एकजुट होकर सामूहिक प्रयास करने होंगे। ऐसे समय में जब पश्चिम एशिया से लेकर यूरोप तक आज दुनिया विवादों और संघर्षों से जूझ रही है, ब्रिक्स जैसे समूहों की प्रासंगिकता और भी अहम हो जाती है। मगर, वैश्विक मंच पर गंभीरता से लिए जाने के लिए ब्रिक्स को पहले अपने आंतरिक ढांचे और प्रणालियों को सुदृढ़ करना होगा। कथनी और करनी के बीच अंतर खत्म करना होगा। साथ ही ब्रिक्स देशों को एकजुट होकर उन प्रयासों का पुरजोर समर्थन करना होगा, जो दुनिया को आतंकवाद, विभाजन व संघर्ष से दूर और संवाद, सहयोग व समन्वय की ओर ले जाए।

## हौसले की जीत

यह एक ऐसा क्रिकेट मैच था, जिसमें कीर्तिमानों की झड़ी लग गई। विदेशी सरजमीं पर भारतीय टीम की जीत सचमुच ऐतिहासिक है, क्योंकि इससे पहले भारत ने यहां कभी कोई टेस्ट मैच नहीं जीता था। मगर भारत के नए और युवा खिलाड़ियों की टीम की असीम ऊर्जा के आगे इंग्लैंड बुरी तरह लड़खड़ा गया । उत्साह से लबालब खिलाड़ियों ने शानदार बल्लेबाजी कर जिस तरह एक तरह से बर्मिंघम का तिलिस्म तोड़ा है, उसे मेजबान देश हमेशा याद रखेगा। यह कप्तान शुभमन गिल और उनकी टीम के कौशल का ही परिणाम था कि भारत ने इंग्लैंड को 336 रनों से हरा कर एजबेस्टन में जीत का झंडा लहरा दिया। इस दौरान हर भारतीय खिलाड़ी का प्रदर्शन देखने लायक था। शुभमन ने जहां एक पारी में 269 तो दूसरी पारी में 161 रन बनाए । उनका यह प्रदर्शन इसलिए भी महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि वे विदेश में छब्बीस वर्ष से भी कम उम्र में टेस्ट मैच जीतने वाली टीम के सबसे युवा भारतीय कप्तान बन गए हैं। इससे पहले सुनील गावस्कर ने सबसे कम उम्र में न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत दर्ज की थी। शुभमन दसवें ऐसे बल्लेबाज भी बन गए हैं, जिन्होंने एक ही टेस्ट मैच में दोहरा शतक जड़ा है। एक कीर्तिमान यह भी बना कि एजबेस्टन में भारत की पहली बार जीत हुई। इससे पहले यहां नौ मुकाबलों में उसे आठ में हार का सामना करना पड़ा था। इसके अलावा, यहां जीत हासिल करने वाली यह पहली एशियाई टीम भी बन गई है। रनों के मामले में भी विदेशी धरती पर भारत ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इससे पहले 2019 में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेलते हुए भारत ने 318 रन बना कर जीत को अपने खाते में डाला था। दूसरी ओर गेंदबाज आकाश दीप ने दस विकेट झटक कर भारतीय क्रिकेट की तस्वीर को और भी चमकदार और सुनहरा बना दिया है। दरअसल, बर्मिंघम में शानदार विजय से साबित हो गया कि हमारे पास अब एक समर्थ टीम है। आमतौर पर विदेशी धरती पर पिच की प्रकृति के मुताबिक ही खिलाड़ियों के बल्ले और गेंद का रुख, फिर उसी से जीत-हार की दिशा भी तय होती है। मगर एजबेस्टन में भारतीय टीम ने दिखाया कि दमखम के साथ-साथ पिच से तालमेल बिठा कर कैसे अपने पांव टिकाए जाते हैं और दांव जीता जाता है।

# 15 दिन में 128% ज्यादा बरसात, 21 बांध लबालब - जुलाई में भी भारी बारिश का अलर्ट



**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट, स्टेट डेस्क। राजस्थान में इस बार मानसून ने सात दिन पहले दस्तक देकर मात्र 15 दिन में जून महीने की औसत से 128 फीसदी अधिक वर्षा दर्ज कर इतिहास रच दिया है। पूरे राज्य में भारी बारिश के चलते अब तक 21 बांध लबालब हो चुके हैं, जबकि 95 सूखे बांधों में भी पानी की आवक हुई है। मौसम विभाग ने अगले 15 दिनों में कोटा, उदयपुर, अजमेर, जयपुर और भरतपुर संभागों में भारी से अति भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार इस बार मानसून की दोनों शाखाएं—अरब सागर और बंगाल की खाड़ी—लगातार सक्रिय रही हैं। जून के महीने में दो बड़े मौसमी सिस्टम बने, जिनके प्रभाव से दक्षिण-पूर्वी और पश्चिमी जिलों में अच्छी बारिश दर्ज की गई। सामान्यतः बीसलपुर बांध में पानी की आवक जुलाई में शुरू होती है, लेकिन इस बार 16 जून से ही पानी आना शुरू हो गया, जो अब तक जारी है। इसी प्रकार त्रिवेणी नदी और चंबल नदी में भी पानी बढ़ा, जिससे कोटा बैराज के गेट खोलने पड़े।

राज्य में 1 से 30 जून तक औसतन 125.3 मिमी वर्षा हुई, जबकि सामान्य औसत 55 मिमी है। यानी औसत से 128 प्रतिशत ज्यादा बारिश रिकॉर्ड की गई। जिलेवार बात करें तो सबसे अधिक बारिश बारां जिले में 390.4 मिमी दर्ज की गई, जो औसत 101.7 मिमी से 284 प्रतिशत अधिक है। भीलवाड़ा में 231.1 मिमी (औसत 66.4 मिमी) वर्षा हुई, जो 248% ज्यादा है। कोटा में 261.7 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो औसत 90.9 मिमी से 191% अधिक है। राजसमंद में 210.9 मिमी (औसत 70.3) यानी 200% ज्यादा बारिश हुई। उदयपुर में 175.5 मिमी (औसत 77.1 मिमी) वर्षा हुई, जो 128% ज्यादा रही।

अन्य जिलों की बात करें तो अजमेर में 113.9 मिमी बारिश हुई, जबकि औसत 52.1 मिमी है—110% अधिक। बांसवाड़ा में 274.3 मिमी (औसत 101.2) वर्षा दर्ज हुई जो 171% अधिक है। चित्तौड़गढ़ में 208.9 मिमी वर्षा हुई जो औसत 75.4 मिमी से 177% अधिक है। दौसा में 210.8 मिमी (औसत 67.3), करौली में 205.8 मिमी (औसत 66.5) और पाली में 119.2 मिमी (औसत 51.9) वर्षा हुई।

पश्चिमी राजस्थान के रेगिस्तानी जिलों में भी इस बार अच्छी बारिश हुई। जैसलमेर में 37.7 मिमी बारिश हुई जो औसत 24.6 मिमी से 53% ज्यादा है। बाड़मेर में 42.9 मिमी बारिश दर्ज हुई (औसत 33.7), यानी 27% ज्यादा। बीकानेर में 43.5 मिमी बारिश हुई, जो औसत 42.7 मिमी से 2% अधिक है। जोधपुर में 65.1 मिमी (औसत 38.3) यानी 70% अधिक वर्षा हुई।

प्रदेश के जल संसाधनों की बात करें तो मानसून पूर्व 692 बांधों में से केवल 7 बांध फुल थे जबकि 387 बांध पूरी तरह सूखे थे। लेकिन महज 15 दिन में ही 28 बांध पूरी तरह भर चुके हैं, जिनमें से 21 बांध ऐसी तेज बारिश में भर गए। इसके अतिरिक्त सूखे पड़े 95 बांधों में भी पानी की आवक हुई है। बीसलपुर के अलावा ब्यावर का नारायण सागर, बूंदी का रूणिजा, झालावाड़ का सारनखेड़ी, बारां के गोपालपुरा, उम्मेद सागर, अकलेरा सागर, कालीसोट, चतरपुरा, बिलास डेम और भीमलत जैसे बांधों में भी पानी भर चुका है।

फिलहाल मौसम केंद्र जयपुर के पूर्वानुमान के अनुसार जुलाई के पहले सप्ताह में कोटा और उदयपुर संभागों में भारी बारिश हो सकती है, जबकि दूसरे सप्ताह में अजमेर, जयपुर और भरतपुर संभागों में भी तेज बारिश के आसार हैं। जुलाई महीने में औसत से ज्यादा वर्षा की संभावना जताई गई है।

इस बार की शुरुआती मानसून बारिश ने राज्य को न केवल जल संकट से राहत दी है, बल्कि कृषि, पेयजल और भूजल recharge के लिए भी अत्यंत सकारात्मक संकेत दिए हैं। अब आवश्यकता है कि इस जल संपदा का विवेकपूर्ण प्रबंधन करते हुए जल संरक्षण और सिंचाई योजनाओं को मजबूती दी जाए, ताकि यह लाभ लंबे समय तक बना रहे।


# लापरवाही की हद : फतह स्कूल में हंगामा, समय से पहले रीट प्रमाण-पत्र वितरण बंद, अभ्यर्थियों का हंगामा



**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। सूरजपोल स्थित फतह स्कूल में मंगलवार को उस वक्त हंगामा हो गया, जब रीट पात्रता परीक्षा प्रमाण-पत्र का वितरण समय से पहले ही रोक दिया गया। 60-70 किमी दूर से प्रमाण पत्र लेने पहुंचे अभ्यर्थी विरोध पर उतर आए और प्रिंसिपल चेतन पानेरी के कक्ष के बाहर प्रदर्शन करने लगे। इस मामले में अभ्यर्थियों ने प्रिंसिपल सहित अन्य स्टाफ पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। अभ्यर्थियों ने आरोप लगाया कि स्कूल प्रबंधन को प्रमाण-पत्र वितरण निर्धारित समय तक करना था, लेकिन स्टाफ एक घंटे पहले ही स्कूल से गायब हो गया। अभ्यर्थी घंटों तक स्कूल परिसर में भटकते रहे, लेकिन कोई अधिकारी या कर्मचारी जवाब देने को तैयार नहीं था। इस दौरान प्रिंसिपल चेतन पानेरी भी अपने कार्यालय से नदारद थे। अभ्यर्थियों ने बार-बार उन्हें कॉल किया, मगर उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। स्थिति बिगड़ती देख कुछ अभ्यर्थियों ने सीधे जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) को शिकायत की। जानकारी मिलते ही प्रिंसिपल चेतन पानेरी स्कूल पहुंचे और स्टाफ की कमी, प्रवेश प्रक्रिया और टीसी वितरण का दबाव होने का हवाला देने लगे। जबकि स्कूल में पीटीआई सहित कुल 65 स्टाफ सदस्य कार्यरत हैं। पहले दिन भी बिगड़ी थी व्यवस्था फतह स्कूल में 8 जुलाई, सोमवार से रीट प्रमाण-पत्र का वितरण शुरू हुआ था। पहले दिन भी अव्यवस्थाएं देखने को मिलीं, लेकिन मंगलवार को हालात और बिगड़ गए। कोटड़ा, सेमारी, खेरवाड़ा, झाड़ोल, सलूंबर सहित अन्य दूरस्थ ब्लॉकों से आए महिला व पुरुष अभ्यर्थियों को अपने प्रमाण पत्र लेकर बसों से घर लौटना था। लेकिन समय से पहले वितरण बंद होने और स्टाफ के लापता होने से अभ्यर्थी घंटों परेशान होते रहे और अंत में कई को खाली हाथ लौटना पड़ा। 8 में से 6 काउंटर पर स्टाफ ही नहीं स्कूल को कुल 8 हजार अभ्यर्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित करने थे। इसके लिए प्रिंसिपल चेतन पानेरी ने 8 काउंटर बनाए, जिन पर प्रत्येक काउंटर पर दो-दो कर्मचारी लगाने का आदेश था। यानी कुल 16 स्टाफ की नियुक्ति की गई थी। लेकिन हकीकत में मौके पर सिर्फ दो काउंटर ही चालू थे, बाकी काउंटरों पर कोई स्टाफ मौजूद नहीं था। इस लापरवाही के चलते 60-70 किमी दूर से आए अभ्यर्थी घंटों तक कतार में खड़े रहे। प्रमाण-पत्र वितरण का कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं था।

# कुशलगढ़ पहुंचे प्रहलाद मोदी, महाराष्ट्र में भाषाई विवाद पर जताई नाराजगी



**24 न्यूज अपडेट**


बांसवाड़ा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छोटे भाई प्रहलाद मोदी मंगलवार को एक दिन के दौरे पर कुशलगढ़ पहुंचे। यहां उन्होंने उत्तम ध्यान आश्रम में उत्तम स्वामी महाराज से आशीर्वाद लिया। इसके बाद वे भाजपा नेता लीला पडियार के निवास पर पहुंचे, जहां उनका आत्मीय स्वागत किया गया। इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए प्रहलाद मोदी ने महाराष्ट्र में भाषाई विवाद पर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि "महाराष्ट्र में जो हो रहा है, वह न केवल गलत है, बल्कि बाला साहब ठाकरे की विरासत का चीर हरण है। उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे ने भाषा को लेकर जो बयान दिए हैं, वे संविधान के खिलाफ हैं और देश इसे बर्दाश्त नहीं करेगा।" उन्होंने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के बयान का भी जिक्र किया। प्रहलाद मोदी ने कहा कि दुबे ने जो प्रतिक्रिया दी, वह हालात के अनुरूप थी। "जब किसी के अपनों पर आंच आती है, तो इंसान अपनी बात रखता ही है। दुबे ने भी राज ठाकरे को समझाने का प्रयास किया है कि हिंदुस्तान में रहकर उसकी गरिमा बनाए रखें और देश के साथ चलें।" गौरतलब है कि हाल ही में राज ठाकरे समर्थकों द्वारा मराठी भाषा नहीं बोलने पर गुजरात के एक व्यापारी के साथ मारपीट का वीडियो वायरल हुआ था। इस घटना के बाद से महाराष्ट्र में भाषा को लेकर माहौल गरमा गया है। गुजराती समुदाय और अन्य वर्गों में भी ठाकरे बंधुओं के खिलाफ नाराजगी देखने को मिल रही है। प्रहलाद मोदी, जो स्वयं गुजराती समुदाय का प्रतिनिधित्व करते हैं, का यह सख्त रुख राजनीतिक और सामाजिक दृष्टि से अहम माना जा रहा है। इस मौके पर भाजपा नेता लीला पडियार और स्थानीय कार्यकर्ताओं ने प्रहलाद मोदी का अभिनंदन कर आभार जताया।

# पर्यावरण मंजूरी के लिए अनाधिकृत संगठनों की रिपोर्ट मान्य नहीं

**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर, 8 जुलाई। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार की अधिसूचना के अनुसार केंद्र और राज्य स्तर पर पर्यावरण मंजूरी के लिए केवल अधिकृत सलाहकार संगठनों की ओर से तैयार रिपोर्ट को ही मान्य किया जाएगा। राज्य पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण के सदस्य सचिव विजय एन. ने बताया कि पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली ने 3 मार्च, 2016 को जारी अधिसूचना के अनुसार केंद्र और राज्य स्तर पर पर्यावरण मंजूरी के लिए ईआईए/ईएमपी रिपोर्ट तैयार करने और प्रस्तुत करने के लिए भारतीय गुणवत्ता परिषद (क्यूसीआई)-शिक्षा और प्रशिक्षण के लिए राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीईटी) से मान्यता प्राप्त ईआईए सलाहकार संगठनों को अधिकृत किया है। राज्य पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन समिति के सचिव विनय कट्टा ने बताया कि यह देखा गया है कि कई गैर-मान्यता प्राप्त सलाहकार भी ईआईए/ईएमपी रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत कर रहे हैं, जो इसके लिए अधिकृत नहीं हैं। इसलिए परियोजना प्रस्तावक को निर्देशित किया गया है कि वे केवल अधिकृत सलाहकार को ही नियुक्त करें। ऐसा न करने पर उनके माध्यम से प्राप्त आवेदनों के मूल्यांकन पर विचार नहीं किया जाएगा।

# पूरण खटीक राष्ट्रीय महामंत्री मनोनीत, संगठन ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ मिशन को दी गति



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर, 8 जुलाई। श्री एकलिंग नाथ राष्ट्रीय सेवा संगठन उदयपुर की कार्यकारिणी विस्तार बैठक मंगलवार को प्रतापनगर स्थित कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश बागड़ी ने की। बागड़ी ने बताया कि राष्ट्रीय संरक्षक एडवोकेट निर्मल कुमार पण्डित की अनुशंसा पर संगठन का विस्तार करते हुए पूरण खटीक को संगठन का राष्ट्रीय महामंत्री मनोनीत किया गया। उन्हें यह जिम्मेदारी उनकी संगठन के प्रति निष्ठा और सक्रिय कार्यों को देखते हुए सौंपी गई है। अध्यक्ष बागड़ी ने कहा कि श्री एकलिंग नाथ राष्ट्रीय सेवा संगठन समाजसेवा को समर्पित एक मिशन है, जो बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत युवतियों व महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से कई योजनाएं संचालित कर रहा है। इसके अंतर्गत 'नारी वैभव मुहिम' के तहत महिलाओं को सिलाई, ब्यूटी पार्लर और मेहंदी कला का प्रशिक्षण दि या जा रहा है। संगठन का प्रयास है कि महिलाएं और बेटियां रोजगार के क्षेत्र में आगे आएं और परिवार, समाज व देश का नाम रोशन करें। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश बागड़ी, राष्ट्रीय संरक्षक निर्मल पण्डित, प्रदेश अध्यक्ष दीपक मेनारिया, प्रदेश महिला अध्यक्ष डॉ. सोनिका जैन, हर्षित चोर्डिया, शहर जिलाध्यक्ष रोमा जैन, शहर जिला महामंत्री नेत्रांजलि मेनारिया, जिला सचिव कौशल्या सालवी, ब्लॉक अध्यक्ष गोगुंदा सुनीता प्रजापत, जिला महासचिव मीना यादव, शहर जिला मंत्री मंजू खींची, मीडिया प्रभारी करण प्रजापत, चंचल औदिच्य सहित अनेक कार्यकर्ता व महिलाएं उपस्थित रहीं।

# परिवहन विभाग ने आमंत्रित किए आवेदन

**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर, 8 जुलाई। परिवहन विभाग ने राज्य के 476 राष्ट्रीयकृत मार्गों पर निजी वाहन संचालकों के मंजिली यात्री वाहनों को कुल 2261 अनुज्ञापत्र एवं 10190 सेवाएं स्वीकृत किये जाने हेतु स्कॉप निर्धारित करते हुए आवेदन पत्र आमंत्रित किए हैं। प्रादेशिक परिवहन अधिकारी ज्ञानदेव विश्वकर्मा ने बताया कि अधिसूचना में वर्णित मार्गों पर निर्धारित स्कॉप के अनुसार रिक्तियों के लिए अनुज्ञापत्र स्वीकृत किए जाने के लिए रिक्तियों का विस्तृत विवरण, निर्धारित मॉडल कण्डीशन, अन्य आवश्यक शर्तें, आवेदन पत्र का प्रारूप, प्राथमिकता का आधार एवं आवेदन के साथ संलग्न किए जाने वाले आवश्यक दस्तावेजों की चेक लिस्ट का विवरण परिवहन विभाग की वेब साईट पर उपलब्ध है। सुविधा के लिए उदयपुर कार्यालय में भी उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने विभाग द्वारा तय की गई मुख्य मुख्य शर्तों का उल्लेख करते हुए बताया कि इन अधिसूचित मार्गों पर अनुज्ञापत्र स्वीकृति हेतु वाहन का दिनांक 1 जनवरी 2025 या उसके पश्चात् का आवेदक के नाम का पंजीकरण एवं वाहन का बीएस-6 मानकों के अनुसार होना आवश्यक है। इन मार्गों पर जारी होने वाले अनुज्ञापत्र का जारी होने की तिथि से 2 कलैण्डर तक हस्तान्तरण या प्रतिस्थापन भी नहीं हो सकेगा। इसके अलावा आवेदक एक वाहन पर एक अथवा एक से अधिक अधिसूचित या गैर अधिसूचित मार्गों के लिए अनुज्ञापत्र प्राप्त कर सकेंगे किंतु वे नगरीय, उप नगरीय तथा अन्तर्राज्यीय मार्ग को सम्मिलित नहीं कर सकेंगे। अनुज्ञापत्रधारी को यात्रियों को प्रिन्टेड, ऑनलाइन अथवा ई-टिकट मशीन से टिकट जारी करना होगा। इन वाहनों को चलाने वाले वाहन चालकों एवं परिचालकों को नियमानुसार निर्धारित वर्दी पहननी होगी। इन मार्गों से कवर्ड वाहनों में निर्धारित मानक एआईएसः 140 का व्हीकल लोकेशन ट्रेकिंग डिवाइस एवं पैनिक बटन लगाना होगा। आवेदन पत्र के साथ आवेदक को इस आशय का शपथ पत्र प्रस्तुत करना भी अनिवार्य होगा कि उसके विरूद्ध ऐसी धाराओं में कोई मुकदमा/अभियोग/एफ.आई.आर. दर्ज नहीं है जिनमें 2 वर्ष या उससे अधिक की सजा का प्रावधान है। श्री विश्वकर्मा ने कहा कि इच्छुक आवेदक निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र 16 जुलाई सायं 6 बजे तक समस्त आवश्यक दस्तावेजों एवं निर्धारित फीस सहित प्रादेशिक परिवहन कार्यालय में जमा करवा सकते हैं।

# दुकान में घुस कर गाली गलौच, काउन्टर का कांच तोड़ा

**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट, सागवाड़ा (जयदीप जोशी)। नगर के पोल का कोठा स्थित दुकान में एक जने ने घुसकर गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देते हुए दुकान के अन्दर काउन्टर का कांच का एक कोना तोड़ देने का प्रकरण दर्ज करवाया है। थाना प्रभारी मदनलाल खटीक ने बताया की नगर के पोल का कोठा निवासी विजय पुत्र रतिलाल पंचा ने रिपोर्ट देते हुए बताया की 7 जुलाई को प्रातः 9:15 आस-पास दुकान खोल कर साफ सफाई कर रहा था कि सागवाडा निवासी संजय पुत्र लक्ष्मणलाल खरादी पंचालदुकान में प्रवेश कर गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देकर हाथा पाई करने लगा तथा उसके हाथ में पहने चांदी के कडे से काउन्टर पर लगा कॉच का कोना फोड दिया हाथा पाई करते वक्त गले पहनी सोने की चेन करीब 14.300 ग्राम टुट गई जो नही मिली। पडौसियो के आने पर भाग गया। अनुसंधान एसआई लक्ष्मीलाल के जिम्मे किया गया।

# चित्तौड़गढ़ में दो हत्याओं के विरोध में उग्र प्रदर्शन:मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर जताई नाराजगी, 'राजनीतिक संरक्षण' के आरोप



**24 न्यूज अपडेट**

चित्तौड़गढ़ जिले में दो अलग-अलग हत्याओं के मामलों में अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से नाराज परिजनों और समाज के लोगों ने सोमवार को विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर आरोप लगाया कि वह हत्यारों को राजनीतिक दबाव के चलते गिरफ्तार नहीं कर रही है।

पहला मामला 1 जून का है, जब सेमलपुरा स्थित विकास होटल पर अजय राज सिंह झाला की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में कुछ नामजद आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें मनोज चौधरी, कुलदीप सिंह, हर्षवर्धन सिंह, कमल सिंह और विक्रम सिंह शामिल हैं। लेकिन मृतक के परिजनों का कहना है कि ये सभी केवल आरोपी को शरण देने वाले लोग हैं, जबकि असली और मुख्य आरोपी अभी भी फरार हैं। परिजनों ने बताया कि मुख्य आरोपी ईश्वर सिंह चौहान, मोती सिंह उर्फ सत्यवीर सिंह, राहुल, राजपाल सिंह, भेरू सिंह गुर्जर, गोपाल गुर्जर, डिग्गी राज सिंह और भगवान सिंह को पुलिस ने अब तक गिरफ्तार नहीं किया है। उनका आरोप है कि ये सभी आरोपी राजनीतिक संरक्षण में हैं, इसलिए पुलिस इन पर हाथ डालने से बच रही है। दूसरा मामला निंबाहेड़ा के पास मांगरोल गांव का है, जहां प्रेमचंद गायरी की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में भी मुख्य आरोपी गणपतलाल जाट अब तक खुलेआम घूम रहा है, लेकिन पुलिस ने कोई सख्त कदम नहीं उठाया है। दोनों मामलों में न्याय की मांग को लेकर सोमवार को अजय राज सिंह और प्रेमचंद गायरी के परिजन, समाजजन और ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से विरोध प्रदर्शन किया। सभी लोग चित्तौड़गढ़ के नेहरू गार्डन में एकत्रित हुए और वहां से पैदल मार्च करते हुए कलेक्ट्रेट चौराहे पहुंचे।

कलेक्ट्रेट चौराहे पर पहुंचकर प्रदर्शनकारियों ने मानव श्रृंखला बनाकर पुलिस और प्रशासन के प्रति नाराजगी जताई। इस दौरान अजय राज सिंह के परिजनों और डीएसपी विनय चौधरी के बीच तीखी बहस भी हो गई। डीएसपी सभी को रास्ता जाम करने के लिए समझाने गए थे। लेकिन कोई नहीं माना। स्थिति को देखते हुए वहां भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया।

# रीको में औद्योगिक भवन का किया भूमि पूजन



**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट, सागवाड़ा (जयदीप जोशी)। नगर के बांसवाडा मार्ग पर स्थित रीको इंडस्ट्रियल ऐरिया में सोमवार को समारोह पूर्वक औद्योगिक भवन का भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन न.पा.अध्यक्ष आशीष गांधी अध्यक्षता,पूर्व सांसद कनकमल कटारा मुख्य आतिथ्य,भाजपा नेता हेमन्त दादा पाठक,भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक पटेल रणौली,न.पा.अधिशाषी अधिकारी मोहम्मद साहिल,दिनबन्धु त्रिवेदी,क्षेत्रीय प्रबंधक डूंगरपुर केतन पटेल के विशिष्ठ आतिथ्य में पण्डीत के मंत्रोच्चार के साथ हुआ। यह भवन सागवाड़ा, डूंगरपुर एवं बांसवाड़ा जिलों के उद्यमियों के लिए औद्योगिक गतिविधियों का एक साझा केंद्र सिद्ध होगा। औद्योगिक समिति अध्यक्ष श्री नानालाल दर्जी ने बताया कि यह भवन क्षेत्र में औद्योगिक चर्चाओं, वर्कशॉप्स, नव-उद्यमियों को मार्गदर्शन एवं औद्योगिक नीति निर्धारण जैसे कार्यों का केंद्र बनेगा। यह समग्र औद्योगिक विकास की दिशा में एक मील का पत्थर सिद्ध होगा। वर्ष 1995 से ही रिको सागवाड़ा क्षेत्र औद्योगिक गतिविधियों के विकास की राह देख रहा था। न.पा.अध्यक्ष आशीष गांधी ने इस आवश्यकता को समझते हुए भवन निर्माण हेतु तत्परता दिखाई, जिससे उद्यमियों में उत्साह है। मुख्य अतिथि कटारा ने आश्वासन दिया कि औद्योगिक विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी तथा शीघ्र ही सागवाड़ा में नया औद्योगिक क्षेत्र स्थापित करने की घोषणा की जाएगी। इसके लिए प्रदेश स्तर एवं केंद्र स्तर तक प्रयास किये जायेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष पटेल ने भाजपा संगठन उद्यमियों को हर संभव सहयोग प्रदान करेगा और क्षेत्र में नए उद्योग स्थापित करने हेतु हर संभव आवश्यक प्रयास करेगा। इस अवसर पर पंचाल मार्बल्स उद्योगपति प्रदीप दोसी,रितेश सुथार,विश्वनाथ पंड्या,कांग्रेस नगर अध्यक्ष ललीत पंचाल,राकेश व्यास, मिथिलेश, वेलजी पटेल,लोकेश पटेल,विष्णुकुमार,प्रकाश खटीक सहित व्यापारी उपस्थित रहे। संचालन प्रकाश सोनी व आभार अनिल त्रिवेदी ने व्यक्त किया गया। फोटो-8 एसएजी 2। औद्योगिक भवन का भूमि पूजन करते।

# जलापूर्ति एक दिन आगे बढ़ाई

**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर, 8 जुलाई। विद्युत निगम से प्राप्त सूचना के अनुसार एकलिंगपुरा पॉवर हाउस की विद्युत आपूर्ति आवश्यक कार्य के चलते बुधवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक बंद रहेगी। इससे वाटर वर्क्स फीडर तथा कलड़वास फीडर की आपूर्ति बाधित रहेगी। उक्त विद्युत व्यवधान होने के कारण नगर उपखंड सप्तम से उक्त क्षेत्र की जलापूर्ति बाधित रहेगी एवं एक दिन आगे बढ़ाई जाती है। सहायक अभियंता यामिनी उपाध्याय ने बताया कि कलड़वास गांव, केसरपुरा, दीवाली मगरी, वेसा मगरी, पावन वैली, पावन पुरी, अरिहंत विहार, जतिन आई टी आई, जोयडा श्याम नगर, रानी जी की बावड़ी, तलावा, पाराखेत, वाटर वर्क्स के कनेक्शन, कानपुर खेड़ा, मयूर वैली, कार्तिक नगर एवं एकलव्य एकेडमी क्षेत्र की जलापूर्ति एक दिन आगे बढ़ाई गई है।

# रात को घर में परिवार के साथ सोई युवती गुमशुदा

**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट, सागवाड़ा (जयदीप जोशी)। नगर की निवासी एक 25 वर्षीय युवती घर के अन्दर परिवार के साथ सोई थी जहा से गुमशुदा हो गई। थाना प्रभारी मदनलाल खटीक ने बताया की नगर के निवासी एक व्यक्ति ने रिपोर्ट देते हुए बताया की 6 जुलाई को रात्री में हम सब परिवार वाले खाना खा कर सौये थे। प्रातः उठकर देखा तो 25 वर्षीय पुत्री नहीं मिली जिस पर आस-पास रिश्तेदारों में तलाश मगर कोई पता नहीं लगा। बिना बताये कही चली गई। जांच हैड कानि.लोकेन्द्रसिह के जिम्मे की गई।

# मेवाड़ संभागीय चित्रकार शिविर में उकेरे मेवाड़ के शौर्य और संस्कृति के रंग



**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट, चित्तौड़गढ़। राजस्थान ललित कला अकादमी (कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग, राजस्थान सरकार) द्वारा आयोजित मेवाड़ संभागीय चित्रकार शिविर का आयोजन आरटीडीसी होटल पन्ना में जारी है। मंगलवार को शिविर के द्वितीय दिन बड़ी संख्या में कला प्रेमियों और शहरवासियों ने कलाकारों की कलाकृतियां और सृजन प्रक्रिया का अवलोकन किया। अकादमी के सचिव डॉ. रजनीश हर्ष ने बताया कि इस शिविर में मेवाड़ संभाग के 10 युवा चित्रकार भाग ले रहे हैं, जिन्हें अब तक अकादमी का सहयोग नहीं मिला था। शिविर का उद्देश्य इन नवोदित कलाकारों को अकादमिक मंच उपलब्ध कराना और मेवाड़ की सांस्कृतिक विरासत व लोकधरोहर को नई पीढ़ी के माध्यम से सहेजना है। आयोजन समिति के डॉ. सुशील निंबार्क ने बताया कि शिविर में कलाकारों ने अपनी-अपनी मौलिक शैली में सृजन किया। नवल सिंह चौहान ने महाराणा प्रताप को चेतक पर सवार दिखाते हुए, मुगलों को खदेड़ने का दृश्य उकेरा। प्रहलाद टेलर ने 'जय एकलिंग' शीर्षक चित्र में एकलिंगनाथ, नंदी और मेवाड़ की सुरक्षा को किले, छतरियों और भगवा ध्वज के साथ दर्शाया। दिलीप जोशी ने मेवाड़ की प्रसिद्ध फड़ शैली में चित्रांकन किया, जबकि प्रियंका शर्मा ने विंसेंट वान गॉग की शैली में चित्तौड़गढ़ के पर्यावरण को चित्रित किया। संगीता शर्मा ने झरोखे से चित्तौड़ दुर्ग का दृश्य सृजित किया। भावना प्रजापति ने भारत की प्रसिद्ध लोक कला वरली शैली में चित्र बनाए। सचिन दाधीच ने समसामयिक कला के माध्यम से चित्तौड़गढ़ दुर्ग, गिरिराज यादव ने नाथद्वारा शैली में रामपोल का चित्रण किया। वहीं, हितेश पालीवाल ने कुंभलगढ़ फोर्ट को अपनी कला में सजीव रूप दिया। आयोजन समिति के डॉ. मुकेश शर्मा ने बताया कि मंगलवार के कार्यक्रम में जिला कोषाधिकारी दिग्विजय झाला, होटल एसोसिएशन के निर्मल सिंह राठौड़, पीयूष, विजयराज सिंह रुद सहित कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। अजय मिश्रा ने बताया कि शिविर का समापन 10 जुलाई, बुधवार दोपहर 1 बजे कला प्रदर्शनी के साथ होगा। समापन समारोह के मुख्य अतिथि विधायक चंद्रभान सिंह आक्या होंगे।

# नारी वैभव मुहिम के तहत महिलाओं के लिए निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण का शुभारंभ 12 जुलाई को



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर, 8 जुलाई। श्री एकलिंग नाथ राष्ट्रीय सेवा संगठन की ओर से नारी वैभव मुहिम के तहत महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। संगठन शनिवार 12 जुलाई को बीएन कॉलेज के सामने स्थित द जगत होटल सभागार में कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ करेगा। संगठन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश बागड़ी की अध्यक्षता में होने वाले इस आयोजन में दोपहर 12 बजे कंप्यूटर प्रशिक्षण की शुरुआत की जाएगी। बागड़ी ने बताया कि इस प्रशिक्षण में 18 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाएं और बालिकाएं भाग ले सकेंगी। करीब एक माह चलने वाले इस निःशुल्क प्रशिक्षण में कंप्यूटर की बेसिक जानकारियां दी जाएंगी। प्रशिक्षण को सुबह, दोपहर और शाम के अलग-अलग बैचों में आयोजित किया जाएगा, जिसमें लगभग 150 महिलाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। राष्ट्रीय संरक्षक एडवोकेट निर्मल कुमार पंडित ने बताया कि संगठन की नारी वैभव मुहिम के तहत अब तक सिलाई प्रशिक्षण, मेहंदी कला, ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण जैसे कार्यक्रम सफलतापूर्वक संचालित किए जा रहे हैं। अब इसमें कंप्यूटर प्रशिक्षण को भी जोड़ा गया है, ताकि महिलाएं डिजिटल युग की जरूरतों के अनुरूप खुद को सशक्त और आत्मनिर्भर बना सकें। इस अवसर पर आयोजित बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश बागड़ी, राष्ट्रीय संरक्षक डॉ. निर्मल पंडित, प्रदेश अध्यक्ष दीपक मेनारिया, महिला प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सोनिका जैन, हर्षित चोर्डिया, शहर जिलाध्यक्ष रोमा जैन, शहर जिला महामंत्री नेत्रांजलि मेनारिया, जिला सचिव कौशल्या सालवी, ब्लॉक अध्यक्ष गोगुंदा सुनीता प्रजापत, जिला महासचिव मीना यादव, शहर जिला मंत्री मंजू खींची, मीडिया प्रभारी करण प्रजापत, नेत्रांजलि मेनारिया, चंचल औदिच्य सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# खाओ खिलाओ संस्कृति जिंदाबाद : होमगार्ड की वर्दी में लग गई रिश्वतखोरी की दीमक, ट्रेप हुए दो अफसर, पूरे सिस्टम पर उठ गए सवाल, कहीं हमारे आसपास भी तो ऐसा नहीं!!!



**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट, स्टेट डेस्क। राजस्थान में होमगार्ड विभाग में खाओ खिलाओ संस्कृति वाला भ्रष्टाचार किस हद तक हावी हो चुका है, इसका शर्मनाक उदाहरण राजधानी जयपुर में सामने आया। एंटी करप्शन ब्यूरो ने 7 जुलाई को होमगार्ड के कमांडेंट नवनीत जोशी और कंपनी कमांडर चंद्रपाल सिंह को 25 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी ने उस सड़े-गले तंत्र की परतें उधेड़ दी हैं, जिसमें होमगार्ड जवानों को उनकी वर्दी वाली ड्यूटी के लिए हर माह बंधी देनी पड़ती है। आज इस पर व्यापक सवाल उठ रहे हैं व लोग पूछ रहे हैं कि कहीं आपके शहर में तो ऐसा नहीं हो रहा। राजस्थान होमगार्ड एसोसिएशन के अध्यक्ष झलकन सिंह ने बताया कि यह समस्या पूरे प्रदेश में फैली हुई है, और यही कारण है कि होमगार्ड जवान आत्महत्या जैसे कदम उठाने को मजबूर हो रहे हैं। "नवीनीकरण, ड्यूटी तय करने या तबादले तक हर जगह पैसा मांगा जाता है। कई बार शिकायतें मुख्यालय तक जाती हैं, लेकिन कार्रवाई के नाम पर कुछ नहीं होता,"

**वर्दी की ड्यूटी के लिए अफसरों को देनी पड़ती थी 'बंधी'**

जवानों ने बताया कि अगर उन्हें रात्रि गश्त, ट्रैफिक या पुलिस के साथ वर्दी वाली ड्यूटी चाहिए तो हर माह 1,000 से 2,000 रुपए तक की रिश्वत देनी पड़ती थी। इस ड्यूटी पर उन्हें अतिरिक्त 3,000 रुपए मिलते हैं, जो भ्रष्ट अफसरों की नजर में 'कमाई का मौका' बन चुका था। जो जवान पैसा नहीं देते, उन्हें वर्दी हटाकर अफसरों के घरों या सचिवालय जैसी जगहों पर लगा दिया जाता, जिससे उनका आर्थिक नुकसान होता।

**निजी काम में लगाते थे होमगार्ड, पैसा तक नहीं देते थे**

कमांडेंट नवनीत जोशी पर आरोप है कि वह होमगार्ड जवानों को अपने निजी कामों में लगाता था, और उन्हें उसका कोई मेहनताना भी नहीं देता था। शिकायत के अनुसार, पहले कंपनी कमांडर चंद्रपाल के जरिए पैसा लिया जाता था, लेकिन बीते कुछ माह से नवनीत जोशी ने खुद ऑफिस बुलाकर वसूली शुरू कर दी थी। वर्दी पहना दी, अब वसूली करो -यही थी सोच जवानों ने बताया कि इन अधिकारियों की सोच ही भ्रष्ट थी। उनका मानना था कि वर्दी पहनने वाला जवान गश्त और ट्रैफिक ड्यूटी में 'अच्छी कमाई' करता है, इसलिए उससे वसूली करनी जायज है। कई बार जवानों को मजबूर किया गया कि वे चाहे जिस भी तरीके से हों, पैसा लाकर देंकृवरना खुद की सैलरी से रिश्वत चुकाओ।

**सिस्टम की चुप्पी से जवानों की ज़िंदगी बर्बाद**

सबसे गंभीर बात यह है कि नवनीत जोशी के खिलाफ पहले भी कई बार शिकायतें हुईं, लेकिन विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की।

**सवाल बड़ा है कि क्या राजस्थान का सिस्टम सुधरेगा?**

एक तरफ सरकार सुरक्षा बलों के आधुनिकीकरण और मनोबल की बातें करती है, वहीं दूसरी तरफ वही जवान दृ जो हर मौसम, हर हालात में ड्यूटी निभाते हैं दृ उन्हें अपनी ही वर्दी के लिए रिश्वत देनी पड़ती है। एसीबी जयपुर में जो कार्रवाई की है, वह आइसबर्ग का सिरा मात्र है। जरूरत है कि ऐसी कार्रवाई हर जिले में हो, और सिस्टम की गंदगी को जड़ से उखाड़ा जाए।

# बेल का खेल : 12 साल बाद पहली बार गुरु पूर्णिमा पर जेल से बाहर आसाराम, अंतरिम जमानत 12 अगस्त तक बढ़ाई



**24 न्यूज अपडेट**

जोधपुर/अहमदाबाद। साल 2013 के बहुचर्चित नाबालिग रेप केस में उम्रकैद सजायाफ्तार रहे संत आसाराम इस बार गुरु पूर्णिमा (10 जुलाई) के मौके पर 12 वर्षों में पहली बार जेल से बाहर होगा। राजस्थान हाईकोर्ट ने सोमवार को सुनवाई में उसकी अंतरिम जमानत 12 अगस्त तक बढ़ा दी है। इससे पहले गुजरात हाईकोर्ट ने भी 3 जुलाई को हुई सुनवाई में उसे 30 दिन की राहत दी थी। हालांकि कोर्ट ने उसकी जमानत में यह शर्त भी जोड़ी थी कि वह अपने भक्तों से नहीं मिलेगा और पुलिस निगरानी में रहेगा, लेकिन यह देखने वाली बात होगी कि इस शर्त का पालन किस हद तक होता है। मेडिकल ग्राउंड पर बढ़ती राहतें, न्यायिक व्यवस्था पर सवाल आसाराम फिलहाल मेडिकल ग्राउंड पर जमानत पर बाहर है। वकीलों ने उम्र (86 वर्ष) और कथित टर्मिनल बीमारी का हवाला देकर राहत की मांग की थी। गुजरात हाईकोर्ट में तो यह भी कहा गया कि उन्हें 90 दिन की पंचकर्म थेरेपी की आवश्यकता है। जबकि सरकारी पक्ष ने यह सवाल उठाया कि आसाराम इलाज के नाम पर लगातार एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल जा रहे हैं और दरअसल जेल से बाहर रहने के लिए बहानेबाजी कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट का सख्त रुख, फिर भी राहत क्यों? गुजरात हाईकोर्ट ने मौखिक रूप से टिप्पणी की कि "अस्थायी जमानत को बार-बार बढ़ाना अंतहीन प्रक्रिया न बने।" सुप्रीम कोर्ट ने भी पहले यह निर्देश दिए थे कि जमानत केवल चिकित्सा कारणों तक सीमित रहे और अनुयायियों से सार्वजनिक रूप से संपर्क नहीं हो। इसके बावजूद लगातार जमानत अवधि बढ़ती जा रही है, जिससे यह सवाल उठने लगे हैं कि क्या न्यायिक तंत्र की कठोरता केवल सामान्य आरोपियों तक ही सीमित है, जबकि रसूखदारों को नियमों से परे जाकर राहत दी जाती है? अहमदाबाद आश्रम में प्रवास, अनुयायियों से मुलाकात पर संदेह राजस्थान हाईकोर्ट से 1 जुलाई को मिली 9 जुलाई तक की जमानत के बाद आसाराम जोधपुर आश्रम से निकल कर 7 जुलाई को अहमदाबाद के मोटेरा आश्रम पहुंच गया। सूत्रों के अनुसार, वह 9 जुलाई तक वहीं रहने वाला था, लेकिन अब जब 12 अगस्त तक राहत मिल चुकी है, तो उसके मोटेरा आश्रम में ठहराव की अवधि बढ़ सकती है। हालांकि कोर्ट की शर्तों के अनुसार, वह किसी अनुयायी से सार्वजनिक रूप से नहीं मिल सकता, लेकिन क्या इस निगरानी का वास्तविक क्रियान्वयन हो रहा है, यह बड़ा सवाल है। जनता में उठते सवालः क्या यह न्याय का मखौल नहीं? क्या एक दुष्कर्म की सजा काट रहे व्यक्ति जो न्यायिक रूप से दोषी ठहराया जा चुका है, बार-बार मेडिकल आधार पर राहत मिलना न्याय व्यवस्था के साथ खिलवाड़ तो नहीं है? यदि आम व्यक्ति की जगह कोई और होता, तो क्या उसे इतनी बार अंतरिम जमानतें मिलतीं?

# रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के पिता दाऊलाल वैष्णव का निधन, जोधपुर में ली अंतिम सांस



**24 न्यूज अपडेट**

जोधपुर। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के पिता श्री दाऊलाल वैष्णव का मंगलवार सुबह निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे और हाल ही में तबीयत अधिक बिगड़ने पर उन्हें जोधपुर एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल प्रशासन के अनुसार उन्होंने मंगलवार सुबह 11 बजकर 52 मिनट पर अंतिम सांस ली। पाली के जीवंद कला से जोधपुर तक का सफर दाऊलाल वैष्णव मूलतः पाली जिले के जीवंद कला गांव के निवासी थे। बाद में उनका परिवार जोधपुर आकर बस गया। वर्तमान में उनका निवास महावीर कॉलोनी, रातानाडा भास्कर चौराहा के पास स्थित है। वे अपने गांव में सरपंच भी रह चुके थे और सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते थे। जोधपुर में उन्होंने एक वकील एवं कर सलाहकार के रूप में लंबे समय तक सेवाएं दीं और जनसेवा के क्षेत्र में भी सक्रिय रहे।

**बेटे अश्विनी वैष्णव सुबह ही पहुंचे जोधपुर**

पिता की गंभीर स्थिति की सूचना मिलते ही केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव मंगलवार सुबह जोधपुर पहुंचे। एयरपोर्ट से वे सीधे एम्स अस्पताल गए और काफी देर तक अपने पिता का हाथ थामे भावुक मुद्रा में बैठे रहे। दोपहर को हुआ अंतिम संस्कार दाऊलाल वैष्णव का अंतिम संस्कार मंगलवार दोपहर को कागा स्थित वैष्णव समाज श्मशान घाट में किया गया। अंतिम यात्रा में परिवारजनों के अलावा समाज के गणमान्य नागरिक, रिश्तेदार, राजनीतिक और प्रशासनिक क्षेत्र की अनेक हस्तियाँ शामिल हुईं। उनके परिवार में पत्नी सरस्वती वैष्णव, बड़े बेटे अश्विनी वैष्णव और छोटे बेटे आनंद वैष्णव हैं। पिता की प्रेरणादायक चिट्ठी रेल मंत्री बनने के बाद जब अश्विनी वैष्णव 2 अक्टूबर 2021 को पहली बार जोधपुर पहुंचे थे, तब पिता-पुत्र की मुलाकात कुछ ही पलों के लिए हो सकी थी। उस अवसर पर दाऊलाल वैष्णव ने अपने बेटे को एक प्रेरणादायक चिट्ठी सौंपी थी। उसमें उन्होंने लिखा था— "कर्तव्य को इतनी निष्ठा से निष्पादित करो कि हर रेलयात्री का चेहरा यात्रा के दौरान फूल सा खिला रहे।" यह चिट्ठी उनके मूल्यों और विचारधारा का प्रतिबिंब मानी जाती है, जो उन्होंने अपने बेटे को विरासत में दी।

# आरटीआई को 'बुलडोज' कर रहा उदयपुर आरटीओ दफ्तर, खुलेआम नियमों की धज्जियां, बहाने बनाकर छिपाई जा रही जनता से जुड़ी अहम जानकारियां




**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। उदयपुर के आरटीओ विभाग पर गंभीर आरोप लगे हैं कि वह सूचना अधिकार अधिनियम याने कि आरटीआई को न केवल गंभीरता से नहीं ले रहा, बल्कि उसे छिपाव और भ्रष्टाचार के हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रहा है। विभाग में जब भी कोई आरटीआई आवेदन किया जाता है, तो नियत 30 दिन की अवधि में सूचना नहीं दी जाती। इसके विपरीत, समय सीमा पार होने के बाद विभाग जान बूझकर बैकडेट में जवाब अपलोड करता है और अवैध रूप से ऑफलाइन शुल्क मांगता है, जबकि नियमानुसार आवेदन ऑनलाइन है तो शुल्क भी ऑनलाइन ही जमा होगा। देश के जाने माने आरटीआई एक्टिविस्ट, पत्रकार व सामाजिक काय्रकर्ता जयवंत भैरविया ने व्यापक जनहित को देखते हुए 6 फरवरी 2025 को एक आरटीआई आवेदन किया जिसका जवाब 30 दिन की समय सीमा के बाद दिया , सूचना की जगह सिर्फ एक पेज अपलोड कर दिया गया जिसमें मांगे गए मूल रजिस्टर्ड दस्तावेजों की जगह महज पिछोला में चल रही बोट के रजिस्ट्रेशन नंबर थमा दिए गए। आरटीओ में किस कदर अंधेरगर्दी छाई हुई है इसका प्रमाण तब मिला जब भैरविया ने जुलाई 2025 में वही सूचना दोबारा मांगी, तो विभाग ने जवाब देते हुए 1042 रुपये का शुल्क मांग लिया। जबकि अधिनियम के अनुसार समय पर सूचना न दिए जाने पर वह सूचना निशुल्क प्रदान की जानी थी। याने दो आरटीआई एक तरह के सवाल मगर जवाब अलग-अलग। गजब का दफ्तर है। जब जी में आया वे जवाब दे दिया। क्योंकि उसे पता है कि उपर तक मैनेज कर लेने से कुछ नहीं बिगड़ने वाला है। यह महज एक उदाहरण नहीं, बल्कि सूचना देने से बचने की विभाग की सोची समझी रणनीति का हिस्सा प्रतीत होता है। पूर्व में भी लाल-नीली बत्तियों के संबंध में मांगी गई जानकारी, दिसंबर 2024 में पिछोला के बोट संचालकों व होटल मालिकों के साथ हुई बैठक में शामिल लोगों के नाम-पते, और पिछोला झील में संचालित बोटों के वैध दस्तावेजों की सूचनाएं मांगी गईं, परंतु कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया। यह स्पष्ट रूप से इस ओर इशारा करता है कि विभाग सूचनाओं पर पहरेदारी कर रहा है व किसी की शह पर किसी को बचा रहा है।

### आरटीआईः सूचना का अधिकार नहीं, विभाग के लिए संकट बनता अधिकार!

सूचना न देने की इस लापरवाही में पहला प्रयास होता है - बहानेबाजी। जब यह काम नहीं करता तो भ्रमित करने वाला जवाब दिया जाता है। यदि फिर भी बचाव नहीं हो पाए, तो शुल्क की मांग कर सूचना देने से पल्ला झाड़ा जाता है। प्रथम अपीलों में भी आवेदकों को न्याय नहीं मिलता। इससे पहले यह सूचना मांगी गई कि आरटीओ में कितनी आरटीआई की अपील की सुनवाई की गई, निर्णय की प्रति दें। मगर नहीं दी गई। इससे स्पष्ट होता है कि प्रथम अपीलीय अधिकारी भी सूचना के अधिकार को गंभीरता से नहीं लेते। भ्रष्टाचार और मिलीभगत के गंभीर संकेत सबसे गंभीर मामला पिछोला झील में संचालित बोटों से जुड़ा है। आरोप हैं कि इन बोट्स में से कुछ में लंच, डिनर और शराब पार्टियों तक का आयोजन किया जाता है। बिना नगर निगम, आबकारी या आरटीओ की अनुमति के। यदि आरटीओ बोट संचालकों के रजिस्ट्रेशन दस्तावेज साझा करें, तो कई अनियमितताओं का खुलासा हो सकता है। क्या बोट का पंजीकरण केवल लाने-ले जाने के लिए हुआ है या निजी पार्टियों के लिए? यही कारण है कि आरटीओ इन दस्तावेजों को छिपा रहा है। यह स्थिति न केवल प्रशासनिक भ्रष्टाचार को उजागर करती है, बल्कि जन स्वास्थ्य को भी खतरे में डालती है। आमजन जिस झील का पानी पीते हैं, वहां यदि ऐसी गतिविधियों से गंदगी बढ़ती है, तो एक दिन पीएचईडी भी उस पानी को शुद्ध करने में विफल हो जाएगा।

### जबावदेही तय हो -सूचना के अधिकार का उपहास नहीं

लोक सूचना अधिकारी नानजीराम गुलसर और पूर्व अधिकारी अनिल कुमार सोनी व नेमीचंद पारिख की भूमिका इस पूरे मामले में संदेह के घेरे में है। सूचना के अधिकार को छिपाव का हथियार बनाना, जवाब टालना, शुल्क का दुरुपयोग करना, और जवाबों में गुमराह करना, ये सभी इस ओर संकेत करते हैं कि विभाग जानबूझकर अनियमितताओं को प्रश्रय दे रहा है। इस पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच की आवश्यकता है ताकि यह स्पष्ट हो सके कि आरटीओ विभाग कैसे सूचना देने के संवैधानिक दायित्व से बचते हुए भ्रष्टाचार की फसल सींच रहा है। यदि यही रवैया जारी रहा तो सूचना का अधिकार एक खाली कानून बनकर रह जाएगा और जनहित के मुद्दे दफन होते रहेंगे।

# देश का हर व्यापारी, देश का गौरव : प्रवीण खंडेलवाल



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर, 8 जुलाई। कैट (कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स) उदयपुर चैप्टर मेन विंग की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह मार्बल एसोसिएशन भवन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में कैट के राष्ट्रीय महासचिव व सांसद प्रवीण खंडेलवाल, उपाध्यक्ष रंजीत खारी, सचिव आशीष ग्रोवर, पीआर प्रभारी स्मृति आहूजा, राजस्थान अध्यक्ष मनोज गोयल, सचिव हेमंत प्रभाकर, महिला विंग एडवाइजर बीनू प्रभाकर, जोन कोऑर्डिनेटर सुमन गोयल, महिला विंग अध्यक्ष विजयलक्ष्मी गलुंडिया, सचिव डॉ. सोनू जैन सहित कई अतिथि मौजूद रहे। कार्यकारिणी में मनीष गलुंडिया संरक्षक, दिनेश चौरडिया अध्यक्ष, आशीष छाबड़ा उपाध्यक्ष, महेन्द्र तलेसरा सचिव, राजेश अग्रवाल सह-सचिव, आशीष जैन कोषाध्यक्ष तथा कमलेश तलेसरा, गिरिश माहेश्वरी, दीपक दया, अभिनव मेहता, अरुण वया, वरुण सुराना व आशुतोष मजूमदार कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए। मुख्य अतिथि प्रवीण खंडेलवाल ने कहा, "हर व्यापारी देश का गौरव है। संगठित होकर अपने अधिकार और हितों की रक्षा करें।" कार्यक्रम का संचालन रजनी कौर ने किया। 9 जुलाई से 11 जुलाई तक "कैट उड़ान एग्जीबिशन" का आयोजन डॉ. सीमा सिंह भाटी के निर्देशन में अशोका ग्रीन सभागार में होगा। उद्घाटन प्रवीण खंडेलवाल, रंजीत खारी, विपुल त्यागी, स्मिता आहूजा, मनोज गोयल, हेमंत प्रभाकर, आशीष ग्रोवर, रुचि प्रभाकर, बीनू प्रभाकर व सुमन गोयल करेंगे। एग्जीबिशन में 60 से अधिक स्टॉल, फैशन शो और बंपर हाऊजी आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

# भोजन और मन का घनिष्ठ सम्बन्ध है : जैनाचार्य रत्नसेन सूरीश्वर महाराज



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर. मालदास स्ट्रीट स्थित आराधना भवन में जैनाचार्य श्रीमद् विजय रत्नसेन सूरीश्वर महाराज की निश्रा में धार्मिक आयोजनों का क्रम जारी है। मंगलवार को प्रातः आरती, मंगल दीपक, सर्व औषधि महाअभिषेक और अष्ट प्रकार पूजा-अर्चना संपन्न हुई। प्रवचन में आचार्यश्री ने कहा कि भोजन केवल शरीर नहीं, मन को भी प्रभावित करता है। तामसी और राजसी भोजन मन को विकृत करता है, जबकि सात्विक भोजन से मन पवित्र, स्थिर और आरोग्यवान बनता है। इस अवसर पर श्रीसंघ कोषाध्यक्ष राजेश जावरिया, डॉ. शैलेन्द्र हिरण, जसवंत सिंह सुराणा, गौतम मोर्डिया, हेमंत सिंघवी सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

# गातोड़जी बावजी मंदिर में दान-पेटी राशि को लेकर गर्माया माहौल, पुलिस की मौजूदगी में हुआ समाधान



**24 न्यूज अपडेट**

जयसमंद समीपवर्ती वीरपुरा गांव स्थित प्रमुख धार्मिक स्थल गातोड़जी बावजी मंदिर में सोमवार को अव्यवस्थाओं और नवाचार को लेकर सर्व समाज की बैठक आयोजित हुई। समाजसेवी गजराज सिंह रामा की उपस्थिति में आयोजित इस बैठक में मंदिर की दान-पेटी में जमा करीब 1 करोड़ 29 लाख रुपये, रसीद बुक, चांदी के जेवरात और भोपाजी के पास मौजूद चांदी के नाग सहित चढ़ावे को लेकर विवाद छिड़ गया। विवाद बढ़ता देख मौके पर पुलिस, गातोड़ के मोतबीर, श्री गातोड़जी मानव सेवा ट्रस्ट मुंबई, चौखले के पंच व नवयुवक मंडल की मौजूदगी में संबंधित व्यक्तियों ने शनिवार को दान राशि और चढ़ावा कमेटी को सुपुर्द करने पर सहमति जताई, जिससे माहौल शांत हुआ।

बैठक में गजराज सिंह, ट्रस्ट अध्यक्ष केशुलाल मालवी, सीए रमेश जैन, शांतिलाल मीणा सहित कई लोगों ने अव्यवस्थाओं पर चिंता जताई। श्रद्धालुओं के साथ हो रहे अभद्र व्यवहार पर सर्व समाज ने रोष व्यक्त किया। ब्राह्मण औदीच्य समाज के परिवारों ने समान पूजा-पाठ का अधिकार मांगा, जिस पर सभी ने सहमति जताई।

भामाशाह दलीचंद जैन झाड़ोल ने भोजनशाला खोलने की घोषणा की। वहीं कमेटी के अध्यक्ष पद को लेकर नारूलाल मीणा, शंकरलाल मीणा सहित ग्रामीणों में चर्चा हुई। प्रशासन की मौजूदगी में दान-पेटी खोलने का निर्णय भी लिया गया।

इस दौरान श्री कल्लाजी संस्था अध्यक्ष नाथूसिंह राठौड़, भोपाजी मोहनलाल शर्मा, बजरंग सेना के जेएस बन्ना सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय व बाहरी श्रद्धालु उपस्थित रहे। सुरक्षा हेतु सराड़ा थानाधिकारी हेमंत अहारी, जयसमंद चौकी प्रभारी व पुलिस जाप्ता तैनात रहा।

# संसार में राग-द्वेष व मोह के कारण मानव अपने वास्तविक स्वरूप को भूल गए- संत तिलकराम महाराज



**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट, सागवाड़ा (जयदीप जोशी)। नगर के आसपुर मार्ग लोहारिया तालाब के सामने स्थित कान्हडदास धाम बड़ा रामद्वारा में चातुर्मास में रामस्नेही संत तिलक रामजी ने मंगलवार को सत्संग में कहा कि संसार में राग-द्वेष व मोह के कारण मानव अपने वास्तविक स्वरूप को भूल गए। संत ने कहा मनुष्य तुम स्वयं में अनंत शक्ति और ज्ञान का भंडार हो लेकिन इस संसार में राग- द्वेष और मोह के कारण अपने वास्तविक स्वरूप को भूल गए जब तक आत्मा स्वयं को पहचान नहीं लेती, तब तक यह संसार जन्म- मृत्यु के चक्र में फंसा रहता है। आत्मा का लक्ष्य केवल संसार से मुक्ति प्राप्त करना नहीं है बल्कि अपनी शुद्ध अवस्था में स्थित होना है संत ने कहा कि मोक्ष का साधन केवल आत्म ज्ञान है कर्म नहीं यद्यपि प्रारंभिक साधना में कर्म उपयोगी हो सकते हैं परंतु वे केवल चित्तशुद्धि के निमित्त हैं। संत ने कहा मोक्ष, केवल ब्रह्मविद्या द्वारा ही संभव है कर्म बहिर्मुखी है ,ज्ञान अंतर्मुखी कर्म स्वर्ग का मार्ग है ,ज्ञान मोक्ष का द्वार कर्मों से गति, पर ज्ञान से मुक्ति। जब जीवन सांसारिक माया-जाल में भटककर थक जाता है- पद, प्रतिष्ठा, पुण्य और स्वर्ग की क्षणभंगुर सिदृयिं के पीछे दौड़ते -दौड़ते भी हृदय में एक अटल शून्यता रह जाती है तब एक मौन प्रश्न जागता है संत भजन के माध्यम से कहा क्या बस यही जीवन का सार है तब यह वह क्षण है, जब विवेक का प्रभात होता है कोयल बोले मीठी- मीठी वाणी भजन से भक्त झूम उठे। प्रवक्ता बलदेव सोमपुरा ने बताया कि संध्याकालीन आरती का आयोजन शाम 7:15 बजे होता है। इस अवसर पर समिमि अध्यक्ष सुधीर वाडेल, नाथू परमार, विजय पंचाल ,विष्णु भासारिया,महिला मंडल से संगीता सोनी, शकुंतला भावसार ,अनीता सुथार, लक्ष्मी पंचाल, प्रेमलता सुथार एवं अन्य महिला भक्त उपस्थित थे। संत प्रसाद नाथूलाल परमार परिवार का एवं सत्संग प्रसाद अध्यक्ष सुधीर वाडेल का रहा।

# वंडर सीमेंट की भट्टकोटड़ी माइन्स फाइव स्टार रेटिंग अवॉर्ड से सम्मानित



**24 न्यूज अपडेट**

निम्बाहेडा। भारतीय खान ब्यूरो, खान मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्टार रेटिंग प्रणाली अन्तर्गत वंडर सीमेंट लि. द्वारा किये गये अनुकरणीय कार्यों हेतु वंडर सीमेंट लिमिटेड की भट्टकोटड़ी माइन्स को फाइव स्टार रेटिंग अवॉर्ड प्रदान किया हैं। इस हेतु राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर में आयोजित सम्मान समारोह का उद्घाटन माननीय मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की अध्यक्षता में हुआ। इस दौरान वंडर सीमेंट लिमिटेड को उक्त फाइव स्टार रेटिंग अवॉर्ड जी. किशन रेड्डी, माननीय केंद्रीय कोयला और खान मंत्री भारत सरकार और पीयूष नारायण शर्मा, महानियंत्रक - आईबीएम द्वारा कम्पनी के परमानंद पाटीदार, पूर्णकालिक निदेशक, ओम प्रकाश राजपुरोहित, ए.वी.पी. - माइन्स एवं राजू जैन, जी.एम. - माइन्स को प्रदान किया गया।

इस अवसर पर नितिन जैन, यूनिट हेड - वंडर सीमेंट लि. द्वारा हर्ष व्यक्त करते हुए सभी माइन्स कर्मचारियों, अधिकारियों सहित सभी संबंधित विभागों के निरंतर प्रयासों की सराहना की तथा वंडर सीमेंट भट्टकोटड़ी माइन्स को प्राप्त फाइव स्टार रेटिंग के लिये सभी को शुभकामनाएं दी एवं बताया की यह कम्पनी के शीर्ष प्रबंधन के मार्गदर्शन में संचालित नवीनतम खनन तकनीक एवं हमारे उत्कृष्ट प्रबन्धन का प्रमाण हैं। उल्लेखनीय है कि वंडर सीमेंट की माइन्स को खान मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा श्रेष्ठ कार्य एवं उत्कृष्ट सुरक्षा प्रबंधन हेतु समय-समय पर सम्मानित किया जाता रहा हैं।

# एकलिंगपुरा में 3 अगस्त को निकलेगी विशाल कावड़ यात्रा, चारधाम से लाए गंगाजल से होगा अभिषेक, 251 कांवड़ियों का लक्ष्य, भगवा टीशर्ट व ब्लैक लोअर रहेगा ड्रेस कोड, समापन पर प्रसादी



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर के एकलिंगपुरा क्षेत्र में इस बार सावन मास के पावन अवसर पर भक्ति व उत्साह का संगम देखने को मिलेगा। आगामी 3 अगस्त, रविवार को यहां एक विशाल कावड़ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यात्रा की तैयारियां ज़ोरों पर हैं और इसे लेकर क्षेत्र में धार्मिक वातावरण बनना शुरू हो गया है। यात्रा संयोजक डॉ. परमवीर सिंह दुलावत ने जानकारी दी कि यह यात्रा पिछले वर्ष शुरू की गई थी और इस बार इसे और भव्य रूप में आयोजित किया जा रहा है। विशेष बात यह है कि इस बार चारधाम से लाए गए पवित्र गंगाजल से ललिटेश्वर महादेव का अभिषेक किया जाएगा। यह निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया है। यात्रा की तैयारियों के लिए विशेष कार्यालय की स्थापना की गई है, जिसका शुभारंभ भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश शर्मा ने फीता काटकर किया। उन्होंने आयोजन समिति को शुभकामनाएं दीं और यात्रा की सफलता के लिए सहयोग का भरोसा दिलाया।

### यात्रा मार्ग और आयोजन की रूपरेखा

यात्रा की शुरुआत जोड़ियाजी बावजी महादेव मंदिर से होगी, जहां से कांवड़ में गंगाजल भरकर एकलिंगपुरा गांव स्थित ललिटेश्वर महादेव मंदिर तक ले जाया जाएगा। वहां पूरे विधि-विधान से भगवान शिव का अभिषेक किया जाएगा। कावड़ यात्रा के समापन पर भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश शर्मा व शर्मा परिवार, एकलिंगपुरा की ओर से श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसादी का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है और युवा वर्ग बढ़-चढ़कर भागीदारी निभा रहा है। एकलिंगपुरा गांव में यह यात्रा शिवभक्ति और सामाजिक समरसता का प्रतीक बनती जा रही है। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।

कांवड़ियों का लक्ष्यः 251 कांवड़
ड्रेस कोडः भगवा टीशर्ट और ब्लैक लोवर
विशेष आकर्षणः महादेव की अलग-अलग झांकियों की भव्य सजावट की जाएगी।
समापन पर प्रसादी

**समाचार भेजने के लिए हमारी मेल आई-डी पर संपर्क करें -**
desk24newsupdate@gmai.com

# सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ का कुंभलगढ़ मोहर्रम विवाद पर हस्तक्षेप के लिए आरएसएस कार्यकर्ताओं ने जताया आभार



**24 न्यूज अपडेट**

राजसमंद। राजसमंद सांसद श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ ने सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित कर आमजन की समस्याएं सुनीं। इस अवसर पर कुंभलगढ़ क्षेत्र से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के पदाधिकारी श्री रजनीश जोशी (केलवाड़ा प्रमुख), श्री गोपाल जी जोशी सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने सांसद से भेंट कर कुंभलगढ़ किले पर मोहर्रम आयोजन से जुड़ी स्थिति के सफल समाधान हेतु आभार प्रकट किया। गत सप्ताह उक्त मुद्दे को लेकर आरएसएस कार्यकर्ताओं का प्रतिनिधिमंडल सांसद महोदया से मिला था। तत्पश्चात सांसद महिमा कुमारी ने केंद्रीय संस्कृति मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत से बातचीत कर आवश्यक हस्तक्षेप का अनुरोध किया था। साथ ही, उन्होंने जिला कलेक्टर और प्रशासनिक अधिकारियों से सतत संपर्क रखते हुए स्थिति पर निगरानी बनाए रखी, जिसके परिणामस्वरूप क्षेत्र में शांति और सौहार्द कायम रहा। इस अवसर पर सांसद ने कहा, "मेवाड़ का इतिहास 36 कौमों को साथ लेकर चलने का रहा है। हम संवाद और सहमति की परंपरा को आज भी आगे बढ़ा रहे हैं। समस्याओं का समाधान बातचीत से संभव है, न कि आंदोलन और प्रदर्शन से। वर्तमान में राज्य और केंद्र — दोनों ही जगह जनता की सरकार है और संवाद से हर मसले का समाधान निकाला जा सकता है।"

### जनसुनवाई में उठे विभिन्न मुद्दे

जनसुनवाई के दौरान आमजन ने अतिक्रमण, महिला सशक्तिकरण, जलप्रदाय, सड़क और स्थानीय विकास से जुड़े विषयों पर अपनी समस्याएं रखीं। सांसद महोदया ने सभी प्रकरणों पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

### खारी फीडर की सफाई के निर्देश

जनसुनवाई के दौरान नर्बदा शंकर पालीवाल ने राजसमंद झील को भरने वाली खारी फीडर की सफाई का मुद्दा भी उठाया। इस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए सांसद महोदया ने जिला कलेक्टर से फोन पर वार्ता कर खारी फीडर की त्वरित सफाई के निर्देश जारी करवाए। आरएसएस पदाधिकारियों ने सांसद के हस्तक्षेप और सौहार्द बनाए रखने के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि कुंभलगढ़ जैसे ऐतिहासिक स्थल पर परंपराओं और सामाजिक समरसता के अनुरूप निर्णय लेने की आवश्यकता थी, जिसमें सांसद महोदया ने समय रहते प्रभावी भूमिका निभाई।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।